an>

Title: Regarding conversion of Uttarkashi-Kamad-Anyarkakhal-Burhakedar-Ghansali-Mayali-Tilwara road in Uttarakhand as all weather National Highway -laid.

श्रीमती माला राज्यलक्ष्मी शाह (टिहरी गढ़वाल): मेरे संसदीय क्षेत्र उत्तराखंड के सीमांत जपनद उत्तरकाशी की ओर मैं सरकार का ध्यान दिलाना चाहती हूँ। उत्तरकाशी से कम दूरी, सरल-सुगम एंव पौराणिक बूढाकेदार मंदिर को जोड़ने वाला, उत्तरकाशी कमद-अंयारकाखाल, बुढ़ाकेदार, घनसाली, मयाली, तिलवाड़ा मोटर मार्ग को ऑलवेदर रोड़ (चारधाम प्रोजेक्ट) को जोड़ने तथा राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने की मांग पिछले कई वर्षों से स्थानीय लोग तथा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों द्वारा लगातार की जा रही है। बूढाकेदारा-अंयारकाखाल, उत्तरकाशी मोटर मार्ग यातायात के लिए एक दशक पूर्व खोला गया था। यह मार्ग सरकार की मंशा के अनुरूप उत्तराखंड के प्रसिद्ध चारधाम यात्रा को सुगम बनाने तथा प्राचीन पौराणिक बाबाकाशी विश्वनाथ मंदिर, तथा उत्तरकाशी-बूढाकेदार मंदिर को जोड़ते हुए निर्माणाधीन दो ऑलवेदर रोड़ एन.एच-108 तथा 109 को बीच में सुगमता से जोड़ने तथा दूरी कम करने वाला मार्ग है। राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से सीमांत जनपद उत्तराकाशी के हर्षिल, नेलांग में स्थित आर्मी कैंप से सीमांत चमोली के जोशीमठ, माणा में स्थित आर्मी कैंप जोड़ने वाला मार्ग है।

उपरोक्त वार्णित मार्ग पर पड़ने वाले अविकसित पौराणिक व प्राकृतिक सौदर्य वाले स्थल को मानचित्र पर पहचान मिल सकेगी तथा उत्तरकाशी स्थित बाबा काशीनाथ, बूढाकेदारनाथ के दर्शन व पवित्र नदी मां भागीरथी में, स्नान के लिए सीमांत क्षेत्र की जनता को वर्षभर हर मौसम में सुविधा मिलती रहेगी।

अतः मेरा केन्द्रीय मंत्री से आग्रह है कि जनभावनाओं को मध्य नजर रखते हुए उपरोक्त मार्ग को ऑलवेदर राष्ट्रीय राजमार्ग हेतु स्वीकृति देने की कृपा करें ।